एक नजर में

## जल के आयाम जीवन को करते हैं प्रभावित




**इंदौर .** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल के जल संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत पंचम व्याख्यान का आयोजन भारत संचार निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्यालय में संपन्न हुआ . मुख्य वक्ता भूजल विशेषज्ञ रोटेरियन सुधीन्द्र मोहन शर्मा थे . उन्होंने रोचक प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूजल के महत्व को बताते हुए कहा कि जल के विभिन्न आयाम हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं, उन्हें समझना बहुत आवश्यक है तभी हम जल के प्रति संवेदनशील हो पाएंगे . कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल के सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे विशेष अतिथि थे . अतिथि स्वागत वरिष्ठ प्रबंधक पंकज उपाध्याय .ने किया । कार्यक्रम संयोजक दिनेश प्रजापति थे . कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहायक महाप्रबंधक पन्नालाल मेहरा ने किया . यह आयोजन हिंदी पखवाडे के समापन अवसर पर आयोजित हुआ था .

## स्मारिका का विमोचन संपन्न



**इंदौर .** वर्षों से चली आ रही कुरीतियों का विरोध जरूरी है जिस प्रकार वर्षों पूर्व बाल विवाह एवं सती प्रथा के खिलाफ राजा राममोहन राय और ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अनुकरणीय कार्य किया गया . ऐसे ही आज विधवाओं के प्रति होने वाले अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए . उनके रहन-सहन, पहनने, ओढ़ने, पूजा पाठ एवं अन्य कार्यों पर जो प्रतिबंध लगाए जाते है उन्हें रोकना जरूरी है उनके प्रति मानवीय संवेदनाएं होनी चाहिए . विधवा विवाह को प्राथमिकता देना चाहिए . यह बात अतिथियों ने एक स्मारिका अभी भी गुंजाइश है के विमोचन के अवसर पर कही . स्मारिका का संपादन वरिष्ठ साहित्यकार अरुणा खरगोनकर ने किया है . विचार प्रवाह साहित्य मंच के बैनर तले हुए विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद झिंजाड़े (सोलापुर, महाराष्ट्र) थे . अध्यक्षता विचार प्रवाह साहित्य मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने की . विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत भागलपुर, बिहार और वरिष्ठ लेखिका सुषमा दुबे थी . संचालन वरिष्ठ लेखिका डॉ . आरती दुबे और नीला करंबेलकर ने किया . इस मौके पर मराठी साहित्य अकादमी, मप्र के पूर्व निदेशक अश्विन खरे, अमिता मराठे, अनिल धड़वईवाले, वैजयंती दाते, मुकेश इंदौरी, डॉ. प्रणव श्रोत्रिय और राधिका मंडलोई सहित अनेक लेखक-लेखिकाएं मौजूद रहे .

## साईं कृपा कोलोनी में नवरात्रि महोत्सव की धूम



**इंदौर .** साईं कृपा कोलोनी में नवरात्रि महोत्सव नौ दिवस तक बड़ी धूमधाम से मनाया गया . यह उत्सव महिलाओं द्वारा आयोजित किया जाता है . प्रथम दिवस देवी की कलश स्थापना हुई . प्रतिदिन संध्या को देवी के भजन हुए और प्रसाद वितरण हुआ . चार दिन गरबा उत्सव बड़ी उत्साह- उमंग से किया गया . गरबे में कई नृत्य नाटिकाए जिसमें गणेश जन्म कथा, काली एक्ट रक्त बीज की कथा, कृष्ण कथा कालिया मर्दन एवं महाभारत और गोंधल नृत्य में महाराष्ट्र की संस्कृति का वर्णन प्रस्तुत की गई . 30 बालिकाओं और 40 महिलाओं ने गरबे में भाग लिया . छोटे बच्चों ने भी नृत्य-संगीत, हनुमान चालीसा और शिवरुद्राष्टक की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी . संयोजन मंजू शर्मा, सुनीता संतोषी, किरन जगताप, वन्दना दुबे ने किया . आभार आशा जाकड़ ने माना .

## अग्रसेन महासभा प्रतिभाओं को कल देगी पुरस्कार

इंदौर . श्री अग्रसेन महासभा द्वारा अपने 37वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष 3 अक्टूबर को शाम 7 बजे बायपास स्थित भंडारी फार्म एंड रिसोर्ट पर महासभा के संस्थापक ब्रह्मलीन मोतीलाल अग्रवाल की स्मृति अलंकरण में प्रदेश स्तर पर शिक्षा, चिकित्सा, खेल, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले दो अग्रबंधुओं का सम्मान किया जाएगा . इसके साथ ही समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी स्व . मदनलाल चौधरी की स्मृति में सम्मानित किया जाएगा, जो कक्षा 8वीं से 12वीं की परीक्षाओं में टॉपर रहेंगे . महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल एवं सचिव राजेश मित्तल चौधरी तथा कार्यक्रम संयोजक अजय आलूवाले तथा अनूप सिंघल ने बताया कि महासभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इन पुरस्कारों की घोषणा की गई है । इनके लिए एक चयन समिति का गठन किया गया है, जो सर्वश्रेष्ठ का चयन कर उन्हें अपने निर्णय से अवगत कराएगी .

## सिमिरन कौर धाडली ने लाला लाला पेश किया

**इंदौर .** पंजाब की सबसे बेबाक गायिका, सिमिरन कौर धाडली ने अपना नया सिंगल, लाला लाला पेश किया है . यह उनके सिग्नेचर बोल, आकर्षक कंपोज़िशन, देसी स्वैग और ग्लोबल पॉप अपील के साथ जबरदस्त ऊर्जा वाला गीत है . लाला लाला का निर्माण देसी ट्रैप म्यूज़िक ने किया है . इसमें सिमिरन के उदय, उनके व्यक्तित्व और निडर भावना को दर्शाया गया है, जो शुरुआत से ही सिमिरन के गीतों की पहचान रहे हैं . सिमिरन ने कहा यह गीत मेरे सफ़र और मेरी उस भागदौड़ के बारे में बताता है, जिन्होंने मुझे वो बनाया है, जो आज मैं हूँ . मेरे लिए यह गाना गर्व के साथ मेरी खुद की कहानी कहने और उसके हर क्षण का आनंद लेने के बारे में है . 'पुत्त जट्ट दा' जैसे हिट ट्रैक और बादशाह के चार्ट-बस्टर 'कोकेन' में अपनी स्टैंडआउट पंक्तियों के लिए मशहूर, सिमिरन अपने साहसी गीतलेखन और बेबाक प्रामाणिकता के साथ लगातार अपनी सीमाओं को बढ़ा रही हैं .

## वी बिज़नेस ने आईओटी इनोवेशन लैब किया लॉन्च

**इंदौर .** आज उद्योगों में इनोवेशन एवं स्फूर्ति की मांग पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है, इसी के मद्देनज़र जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज़ शाखा वी बिज़नेस ने एमज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर डेवलमेन्ट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) के साथ मिलकर वी बिज़नेस आईओटी इनोवेशन लैब (द लैब) का लॉन्च किया है, जिसे कारोबारों के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) उन्मुख इनोवेशन्स एवं को-क्रिएशन के हब के रूप में स्थापित किया गया है . अरविंद नेवातिया, चीफ़ एंटरप्राइज़ बिज़नेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा एडब्ल्यूएस एवं सी-डॉट के सहयोग से वी बिज़नेस आईओटी इनोवेशन लैब के साथ हम स्टार्ट-अप्स एवं उद्यमों के लिए ऐसे सिस्टम का निर्माण कर रहे हैं जो भविष्य के अनुकूल समाधानों के डिज़ाइन में मददगार हो . हम एक साथ मिलकर भारत के आईओटी परिवेश में बदलाव लाना चाहते हैं .

## ब्रिजस्टोन जीएसटी दर में कटौती का फायदा ग्राहकों को देगा

**इंदौर .** ब्रिजस्टोन इंडिया पूरी दुनिया में एडवांस्ड मोबिलिटी सॉल्यूशंस पेश करने और सस्टेनेबल टायर्स बनाने में सबसे आगे है, जिसने आज घोषणा की कि कंपनी भारत सरकार के जीएसटी दर में कटौती के फैसले के बाद इसका फायदा अपने ग्राहकों तक पहुँचाएगी नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी, जिससे कमर्शियल और पैसेंजर गाड़ियों के सभी ग्राहकों को फायदा होगा . ब्रिजस्टोन इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, राजर्षि मोइत्रा ने कहा सरकार के इस फैसले में मोटर वाहनों के इकोसिस्टम को मजबूत करने की दूरदर्शी सोच की झलक दिखती है, और इसके लिए हम प्रधानमंत्री और सरकार को धन्यवाद देते हैं । जीएसटी में इस कटौती का फायदा अपने ग्राहकों तक पहुँचाना ब्रिजस्टोन इंडिया के लिए गौरव की बात है, जिससे न सिर्फ दाम कम होंगे बल्कि आवागमन के सस्टेनेबल और सुरक्षित तरीकों को भी बढ़ावा मिलेगा .

# दशहरा मैदान और चिमन बाग मैदान पर 111 फीट ऊंचे रावण का दहन

▶ दशहरा मैदान पर शाम 7 .30 और चिमनबाग मैदान में रात 8 बजे दहन


**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में गुरुवार को विजयादशमी पर्व पर विभिन्न स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा. मुख्य कार्यक्रम दशहरा मैदान और चिमनबाग महोत्सव समिति द्वारा आयोजित होगा. दशहरा मैदान और चिमनबाग मैदान पर 111 ऊंचे रावण का निर्माण किया गया है. इसी तरह दोनो जगहों पर 250 फीट लंबी लंका निर्मित की गई है. खास बात यह है कि दशहरा मैदान पर खेमा इंडस्ट्री द्वारा निशुल्क आतिशबाजी की जाएगी.

दशहरा मैदान और चिमनबाग मैदान पर इस वर्ष 111 ऊंचे रावण का निर्माण किया गया है । दोनों स्थानों पर 250 फीट लंबी लंका निर्मित की गई है. दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण सलवाडिया और अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि


चिमन बाग


दशहरा मैदान


विजय नगर

रावण दशहरा मैदान पर खड़ा कर दिया गया है.. इसे लालू लाहोरिया, मनोज आर्या प्रवीण हरगाँवकर और मनोज तोमर की टीम ने बनाया है. सलवाडिया ने बताया कि रावण दहन के पूर्व महाराणा प्रताप चौराहा से दशहरा मैदान तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें राम लक्ष्मण,सीता और हनुमान बग्गी में सवार होकर जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे. रावण दहन से पहले राम रावण युद्ध और आतिशबाजी होगी. इसके बाद शाम 7.30 बजे रावण दहन होगा. खेमा इंडस्ट्रीज बीते 50 वर्षो से नि शुल्क आतिशबाजी कर रही है. दशहरा मैदान पर इंदौर की यह सबसे पुरानी और पारंपरिक रावण दहन समिति है. इसी तरह चिमनबाग दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक अरविंद यादव और अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि चिमनबाग पर इस वर्ष 111 ऊंचे रावण और 250 फीट लंबी लंका का निर्माण किया है. विशाल कसान और पुनीत यादव द्वारा रावण का निर्माण किया गया है. अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि रावण दहन रात 8 बजे होगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के सुरेश भदौरिया होंगे.

**इन स्थानों पर भी जलेंगे रावण**

शहर में दशहरा मैदान, चिमनबाग मैदान के अलावा तिलक नगर, विजय नगर, छावनी चौराहा, सिलिकॉन सिटी, बाणगंगा सहित कई स्थानों पर कल विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम होंगे .

# किसानों को समय पर खाद देने के लिए अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कर्वसने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है. इसके तहत अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्र पर सतत निगरानी करने के आदेश दिए हैं.**

इस साल रबी सीजन 2025-26 के लिए किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध करवाने हेतु प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जिले में उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति की जाएगी. इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. उन्होंने बताया कि प्रत्येक निजी विक्रय केन्द्र पर उपलब्ध उर्वरक की स्थिति पर रोजाना निगरानी के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. किसान को उसकी कृषि भूमि के अनुसार प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराई जाए. कलेक्टर ने विक्रेता उर्वरक केवल निर्धारित दर पर ही उपलब्ध कराएं. खाद का संपूर्ण वितरण पीओएस मशीन से किया जाएगा. नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी तुरंत उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय को देना होगी. दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत कारवाई की जाएगी.

# मंडियों में भावांतर योजना की हेल्प डेस्क लगाएं : आयुक्त

▶ मुख्यमंत्री की कांफ्रेंस को लेकर वीडियो कांफ्रेंस बैठक



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. संभाग की सभी मंडियों में शासन की भावांतर योजना शुरू हो रही है. इसको लेकर सभी कलेक्टर्स मंडियों में हेल्प डेस्क और प्रचार प्रसार करे. यह बात आज संभागायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के जरिए कही.**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज आगामी 7-8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता ने होने वाली कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कांफ्रेंस की तैयारियों को लेकर वीडियों कांफ्रेंसिंग बैठक की. बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 एवं 8 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस की तैयारियां शुरू करें. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि संभाग के सभी जिलों की मंडियों में भावांतर योजना शुरू होने जा रही है. इस योजना का अच्छे से व्यापक प्रचार-प्रसार करें. मंडियों में होर्डिंग पोस्टर्स लगाए. साथ ही सभी मंडियो में हेल्प डेस्क स्थापित करें. कहीं भी किसानों को इस संबंध में समस्या आए, तो तुरंत निराकरण करें. किसानों को भावांतर योजना की सही जानकारी दी जाए और योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सके. बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, मेट्रो जीएम रणवीर सिंह राजपूत, मेट्रो डीजीएम कपिल रघुवंशी, संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, जनजातीय संयुक्त संचालक ब्रजेश कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोजी जोसफ, उद्योग संयुक्त संचालक एस.एस. मंडलोई, नगरीय प्रशासन संयुक्त संचालक एस.के सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. वीडियो कांफ्रेसिंग में संभाग के सभी कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल थे.

# शहर में दिवाली पर गोबर के स्वदेशी दीये

▶ कलेक्टर के नवाचार से गौशाला में उत्पादन शुरू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में गोबर के बने दीयों से इस बार दिवाली रोशन करने की पहल प्रशासन द्वारा की गई हैं. हातोद स्थित गोशाला में दीपक बनाने की दो मशीन स्थापित की गई है. शहर में प्रशासन अगले कुछ दिनों में लाखों दीये बनाने के लिए ओर मशीनें स्थापित करेगा.**



स्वदेशी अभियान को लागू करने के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा ने गोबर के दीये बनाने के नवाचार की पहल की है. दीपावली पर शहर के घर-घर में गाय के गोबर से बने दीये जलेंगे. इसके लिए नगर निगम की हातोद क्षेत्र स्थित गौशाला में दो मशीनें स्थापित की गई हैं, वहीं अगले कुछ दिनों में और मशीनें लगाई जाएंगी. इससे शहर के लोगों को लाखों की संख्या में दीये उपलब्ध कराएं जा सके. दीयों की पैकिंग कर बाजार में भी उपलब्ध कराया जाएगा. कलेक्टर वर्मा स्वयं इस अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं. उन्होंने पशुपालन विभाग, नगर निगम और जिला पूर्ति नियंत्रक सहित स्तरीय अधिकारियों को उक्त कार्य की रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. गौशाला स्वामी अच्युतानंद महाराज ने स्वयं की उपस्थिति में दीये बनाना शुरू करवाएं. विशेष साँचों से विविध आकार के दीये तैयार किए जा रहे हैं. स्वामी ने कहा कि इससे स्वदेशी उत्पादों को नई दिशा मिलेगी.

**घर-घर जलाएं गोबर के दीये**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने जनता से अपील की है कि धनतेरस से लेकर दीपावली तक तथा इसके पश्चात भी आने वाले अन्य त्योहारों पर भी पवित्र गोबर के दीये घर-घर में जलाएं . इससे स्वदेशी अभियान को बल मिलेगा और गायों के संरक्षण, गौशालाओं की आत्मनिर्भरता और सनातन परंपराओं के संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा .

# दिग्विजय सिंह 5 अक्टूबर बाद कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे

▶ विधायक पुत्र पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर दायर करेंगे याचिका



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री 5 अक्टूबर के बाद इंदौर में विधायक पुत्र पर एफआईआर को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे. पूर्व मुख्यमंत्री ने यह बात पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कही है. उन्होंने पुलिस की इतने संवेदनशील मामले में कारवाई नहीं करने को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं.**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 5 अक्टूबर को जिला कोर्ट में विधायक पुत्र पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर याचिका दायर करेंगे. पिछली 27 सितंबर को सराफा थाने में विधायक पुत्र एकलव्य गौड़ पर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया था. इस पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर को आवेदन देकर एक समुदाय विशेष के लोगों को नौकरी निकालने और उनको रोजी रोटी छीनने के खिलाफ कारवाई करने की मांग की थी. इस पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने कारवाई करने के लिए दो हफ्ते का समय मांगा था. उक्त मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और समय मांगने को लेकर दिग्विजय सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए है. पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि 15 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा विधायक पुत्र पर एफआईआर करने का आवेदन दिया गया. पुलिस कमिश्नर कार्यालय से इतने संवेदनशील मामले में सराफा थाने तक पहुंचने में एक हफ्ता लग गया. इतने संवेदनशील मामले पर पुलिस द्वारा कारवाई नहीं करना पुलिस द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है. उक्त मामले में पुलिस और विधायक पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका दायर करेंगे. साथ ही संविधान का पालन नहीं करने की कारवाई भी करने को लेकर कोर्ट में आवेदन देंगे.

**यह है मामला**

विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य गौड़ ने पिछले महीने शीतलामाता बाजार में मुस्लिम समुदाय के लोगों को नौकरी से निकालने का फरमान जारी किया था . इसके बाद कई व्यापारियों ने त्यौहार को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों को नौकरी से हटा दिया, बल्कि उनको घर भेजकर किए जाने वाले सभी तरह के कार्य भी बंद कर दिए . इसके बाद राजनीति तेज हो गई और कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे के साथ पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई करने के लिए आवेदन देकर आया था .



# हिंदी व बंगाली गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी

▶ बंगाली समाज की महिलाएं आज नम आँखों से करेगी माँ की बिदाई

**इंदौर. नवलखा स्थित बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर में जारी 97वे शरदोत्सव के तहत सुबह से लेकर रात्रि तक विभिन्न सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है.**

श्री श्री सारबोजनिन दुर्गा पूजा समिति के कंवेनर रबिशंकर रॉय चौधरी ने बताया कि बुधवार को महानवमी पर सुबह बिहित पूजा, बलिदान कुमारी पूजा और पुष्पांजलि हुई. दोपहर को भोग वितरण और शाम को आरती के साथ सुंदर धुनुचि नृत्य हुआ. बंगाल के कलाकार सुरजो भट्टाचार्य और चंद्रलेखा नंदी ने हिंदी और बंगाली गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर कर दिया.

रबि नंदी ने बताया कि 2 ओक्ट्म्बर, गुरुवार को सुबह 9.29 बजे सिंदूर खेला होगा। इसमें बंगाली समाज की सभी महिलाएं एक -दूसरे को सिंदूर लगायेगी और नम आँखों से देबी दुर्गा माँ को बिदाई देगी. बहुत ही भावुक वातावरण में बिदाई का यह कार्यक्रम होगा, जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे. अशोक मुखर्जी और अंबुज दत्ता ने बताया कि दोपहर को जुलूस निकलेगा तथा शाम को शांति जल के साथ मिठाई वितरण होगा. रात्रि 9.30 बजे से बिजोइ समेलनी होगा.

एक नजर में ▶ जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार के 350 सदस्य शहर से गांव पहुंचे

# यातायात नियमों के पालन करने का लिया संकल्प



**इंदौर.** मानसून की बिदाई, नवरात्रि की उमंग और मौसम में आए बदलाव के मिले-जुले पर्यावरण में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार के सदस्यों ने इस बार अपनी दावत का आयोजन इंदौर जिले के घने जंगलों में कम्पेल के निकट स्थित ग्राम भड़क्या में नाइट स्टे के रूप में किया गया. शहर से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस जगह पहुंचने के लिए ग्रुप के 350 सदस्यों ने 4 बसों एवं 30 चार पहिया वाहनों की सवारी का भी आनंद लिया.

ग्रुप के अध्यक्ष विकास-तारिका हुंडिया, संयोजक नीलेश-निधि बापना एवं मुकेश जागृत भंडारी ने बताया कि जंगल के बीच बने इस पिकनिक केन्द्र पहुंचकर सदस्यों ने ग्रुप गेम्स, म्युजिक, अंताक्षरी सहित जंगल सफारी और कॉफी पार्टी के साथ ही रेन डांस, पूल एवं एडवेंचर गतिविधियों का भी आनंद लिया. सचिव नवीन-वर्षा जैन एवं स्वप्निल-रुचि संचेती ने सभी सदस्यों के बीच समन्वय की भूमिका निभाई और अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा सा समय निकालकर प्रकृति के साथ संवाद करने के लिए सबके प्रति आभार व्यक्त किया. सभी सदस्यों ने इस दावत को 'ए नाईट अंडर स्टार एंड स्कॉय' का नाम दिया और पूरा लुत्फ भी उठाया. सभी सदस्यों ने इस मौके पर सभी सदस्यों ने यातायात नियमों के पालन की शपथ भी ली.